Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding stoppage of train no. 12037/12038 at Basi Kiratpur station

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं । मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में यह लाना चाहता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र नगीना में एक बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन है। कोटद्वार से चलने वाली ट्रेन सिद्धबली जनशताब्दी, जिसका नम्बर 12037/12038 है, यह बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन से होकर पुरानी दिल्ली जाती है। इस क्षेत्र की जनता लगभग साढ़े सात वर्षों से इस गाड़ी के बसी किरतपुर स्टेशन पर स्टॉपेज के लिए साप्ताहिक धरना प्रदर्शन करती आ रही है, किन्तु अभी तक सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस गाड़ी का स्टॉपेज अस्थायी रूप से इस स्टेशन पर कर देने से यदि रेल राजस्व में बढ़ोत्तरी नहीं हुई तो आप इस स्टॉपेज को रद्द कर सकते हैं । यह आस-पास के रेलवे स्टेशनों से ज्यादा महत्वपूर्ण स्टेशन है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से चाहूंगा और यह मेरी मांग भी है कि जनता की सुगमता के लिए इस ट्रेन का बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज कराया जाए। धन्यवाद ।